हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 16 दिसंबर 2021, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com

उम्मीद

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अभी औसतन हर दिन 38 किमी सड़क बन रही है। यह बढ़कर 40 किलोमीटर प्रतिदिन होने की संभावना है जो विश्व रिकार्ड होगा।

लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में लगेंगे 50 हेल्थ मॉनीटर

तैयारी

100 आधुनिक मॉनीटर लगाएगा एराज मेडिकल कॉलेज

लखनऊ | संवाददाता

गांवों और कस्बों में लोगों की सेहत संवारने के लिए निजी मेडिकल कॉलेज ने हाथ बढ़ाए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक मॉनीटर लगाए जाएंगे। इससे मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, पल्स समेत दूसरी गतिविधियों की निगरानी होगी। इसके लिए खास तरह के मॉनीटर अस्पतालों में लगाए जाएंगे।

एराज मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. एमएमए फरीदी के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में पहले चरण में 50 और बाद में 100 आधुनिक मॉनीटर लगाए जाएंगे। कोरोना के नए वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर मॉनीटर लगाया जाएगा। इन मॉनीटर में लोग ऑक्सीजन, ब्लड प्रेशर, शुगर, पल्स की जांच कर पाएंगे।

डॉ. फरीदी के मुताबिक मॉनीटर का पूरा डाटा अस्पताल के रिमोट मॉनटरिंग डैश बोर्ड कोविड (डिजी डॉक्टर) पर दर्ज होगा।